वेबसाईट : www.abvp.org
पंजिकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय- 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई-मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक: 12 मई 2022

-:प्रेस विज्ञप्ति:-

नीट पीजी 2022 की परीक्षा तिथि के कारण हो रही समस्याओं को दूर करे सरकार: अभाविप

अभाविप प्रतिनिधि मण्डल ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को नीट पीजी 2022 परीक्षा तिथि बढ़ाने को लेकर सौंपा ज्ञापन

राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी द्वारा जारी की गई नीट पीजी 2022 की तिथि के कारण छात्रों को हो रही समस्याओं के संदर्भ में MeDeVision आयाम के माध्यम से हुई चर्चाओं को अभाविप के प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन के माध्यम से केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के सामने रखा।

विदित हो कि विगत कई महीनों से NEET-PG 2021 की काउंसलिंग का विषय चल रहा है, पहले माननीय उच्चतम न्यायलय द्वारा काउंसलिंग पर रोक लगाई गयी जिसके उपरांत काउंसलिंग चार महीने देरी से शुरू हुई जो कि मार्च में खत्म होनी थी। उसी दौरान मार्च के माह में NEET-PG 2022 की परीक्षा होना तय हुई जिसे काउंसलिंग को ध्यान में रखते हुए 21 मई 2022 तक आगे बढ़ाया गया। परंतु मार्च माह में समाप्त होने वाली काउंसलिंग माननीय उच्चतम न्यायलय के आदेश के कारण स्पेशल द्वितीय राउंड कराने एवं MOP-UP राउंड काउंसलिंग कैंसिल करने के कारण देर से 7 मई को राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग के आदेश के बाद पूरी हुई। उसके बाद भी कुछ राज्यों में काउंसलिंग कैंसिल की गई और काफी सीट इसके बावजूद खाली रह गई।

NEET- PG 2021 की काउंसलिंग में जिन विद्यार्थियों को कॉलेज मिलने की संभावना थी और नहीं मिल पाया, ऐसे विद्यार्थियों को परीक्षा तैयारी हेतु उचित समय नहीं मिला। 2021 काउंसलिंग और 2022 परीक्षा तिथि में काफी कम समय है। ऐसे कई विद्यार्थी हैं जिन्होंने इस कारण NEET-PG 2022 का फॉर्म नहीं भरा। इसके कारण NEET-PG 2021 की काउंसलिंग प्रक्रिया और NEET-PG 2022 की परीक्षा की तिथि में हो रहे टकराव तथा तैयारी के लिए पर्याप्त समय नहीं मिल पाया है।

अभाविप ने ज्ञापन के माध्यम से सरकार से सभी विषयों पर तत्काल संज्ञान लेने का आग्रह किया। ज्ञापन में NEET-PG 2022 की परीक्षा तिथि को लगभग 2 माह बढ़ाया जाये, NEET-PG 2022 आवेदनों के लिए कम से कम 7 दिन हेतु आवेदन लिंक से पुनः आवेदन स्वीकार किए जाए, NEET-PG 2021 की लंबित काउंसलिंग शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण की जाये और NEET-PG 2022 हेतु इंटर्नशिप अर्हता की तिथि 31 अगस्त 2022 तक की जाने जैसी प्रमुख माँगों को शामिल किया गया।

अभविप की राष्ट्रीय महामंत्री निधि त्रिपाठी ने कहा, " NEET-PG 2021 की काउंसलिंग प्रक्रिया और NEET-PG 2022 की परीक्षा की तिथि में हो रहे टकराव तथा तैयारी के लिए पर्याप्त समय न मिल पाने के कारण हजारों छात्रों का भविष्य दांव पर लगा है। अभाविप ने NEET-PG 2022 के मुद्दों के बारे में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को अवगत करवाया है और एक सकारात्मक चर्चा हुई है। हम आशा करते हैं कि छात्रों के हित को ध्यान में रखते हुए, इस विषय का यथाशीघ्र संभव निवारण किया जाएगा।"

(यह प्रेस विज्ञप्ति केंद्रीय कार्यालय मंत्री सुमित पाण्डेय द्वारा जारी की गयी है।)